हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 14 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 नागद्वारी जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पर पथराव...



07 जान तिरंगा है, देश की शान तिरंगा है के जयघोष से...



खबर संक्षेप

जिले में अब तक हुई 527.6 मिमी वर्षा दर्ज

नर्मदापुरम। जिले में 1 जून 2026 से आज दिनांक को प्रातः8 बजे तक जिले में 527.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 906.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया है कि 12,अगस्त से 13,अगस्त,2026 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 01.6 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 3.0 मिलीमीटर, इटारसी 0.4 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, एवं तहसील डोलरिया 2.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

एसपी ने लिया फाइनल रिहर्सल का जायजा

नर्मदापुरम। जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरी गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित किया जाएगा। एसपी श्री साई कृष्ण एस थोटा ने गुरुवार को पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों एवं समारोह स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान ध्वजारोहण से लेकर परेड की सलामी तक तथा परेड निरीक्षण का पूर्वाभ्यास किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा पीटी प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

नागद्वारी क्षेत्र से 130 ली. कच्ची-विदेशी शराब जब्त

नर्मदापुरम। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को पचमढ़ी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग की टीम ने पचमढ़ी के नागद्वारी मेला क्षेत्र अंतर्गत जलगली, नागफनी, कालझाड़, भाजियागिरी एवं निबुगिरी के आसपास के क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान अवैध रूप से संग्रहित एवं बिक्री के लिए रखी गई।

इटारसी में देशभक्ति का ज्वार: 'हर घर तिरंगा' अभियान में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, भारत माता के स्वरूप ने मोहा सभी का मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत राष्ट्रभक्ति, एकता और अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद इटारसी ने आज गुरुवार 13 अगस्त को एक भव्य तिरंगा यात्रा एवं वाहन रैली का आयोजन किया गया। देशभक्ति के तरानों, गगनभेदी जयकारों और हाथों में तिरंगा लिए युवाओं के उत्साह ने पूरे शहर को राष्ट्रीय गौरव के रंग में रंग दिया। पुरानी इटारसी के आजाद चौराहा और बस स्टैंड सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी। इस दौरान नागरिकों ने भारत माता की जय के गगनचुंबी नारे लगाए। संपूर्ण वातावरण देश की एकता और अखण्डता के साथ साथ देशप्रेम को समर्पित रहा।

जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने निभाई सहभागिता, राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत रहा कार्यक्रम

जयस्तंभ चौक पर महाआरती के साथ समापन

विश्राम गृह से देशभक्ति के नारों के साथ शुरू हुई यह यात्रा शहर के नवग्रह मंदिर तिराहा, विश्वनाथ टॉकीज चौराहा, सूरजगंज, भारत टॉकीज, सराफा बाजार, पुरानी इटारसी के आजाद चौराहा और बस स्टैंड सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी। यात्रा के दौरान समूचा नगर तिरंगामय नजर आया। इस भव्य तिरंगा रैली का समापन शहर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक पर भारत माता की भव्य आरती के साथ किया गया।



इन्होंने निभाई सहभागिता

कार्यक्रम में प्रवीण अग्रवाल 'बबलू' सचिव, दीपक जैन, सुरेंद्र राजपूत, सुनील दुबे शिक्षक, घनश्याम तिवारी, भूपेंद्र विश्वकर्मा, राहुल शर्मा, प्रिया ठाकुर, बंशीधर शर्मा, ओमप्रकाश कैथवास, अमित मौर्य, शिवराज डोनी, अरविंद दुबे, आरती मालवीय, शीतल अग्रवाल, मनीषा डोनी, शमीना डोनी, छबि डोनी, रीता मनवारे, रानी मनवारे, अमित मनवारे और भारत माता बनीं देविका मनवारे आदि उपस्थित रहे।

इन विशिष्ट अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

दोपहर 3 बजे विश्राम गृह से प्रारंभ हुई इस गौरवपूर्ण यात्रा में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी कदम से कदम मिलाकर सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सहित सैकड़ों नागरिक शामिल हुए।

नवग्रह मंदिर समिति ने किया स्वागत, भारत माता बनीं आकर्षण

तिरंगा यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पलक पावड़े बिछाकर स्वागत किया गया। विशेषकर श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति (लकड़गंज) के द्वारा नवग्रह मंदिर तिराहे पर रैली का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। जैसे ही यात्रा तिराहे पर पहुंची, मंदिर समिति ने शानदार आतिशबाजी और पुष्प वर्षा से पूरा आसमान गुंजायमान कर दिया।इस दौरान सजीव झांकी के रूप में कुमारी देविका मनवारे साक्षात 'भारत माता' के मनमोहक स्वरूप में सजी हुई थीं, जो पूरी यात्रा में सभी नागरिकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। उपस्थित समिति सदस्य एवं गणमान्य जननवग्रह मंदिर तिराहे पर देशभक्ति के इस उत्साह में मंदिर समिति के कई पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

पुलिस ने खंगाले 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे, मिली बड़ी सफलता

करीब ढाई लाख के सोने के आभूषणों के साथ महिला चोर को किया गिरफ्तार

पुलिस ने एक ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम जिले की इटारसी पुलिस ने एक ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 2 लाख 50 हजार रुपये कीमत के चोरी गए सोने के आभूषण बरामद किए हैं। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

खास बातें

- सीसीटीवी में बारीकी से देखने पर एक अज्ञात महिला बुरके में आई थी नजर।
- आरोपिया ने 2 लाख 50 हजार की कीमत के जेवरात पर किया था हाथ साफ, पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा।



बुर्का पहनकर दिया था चोरी को अंजाम

जानकारी के अनुसार, 5 अगस्त 2026 को गांधीनगर (इटारसी) निवासी प्रदीप भोला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी ज्वेलरी की दुकान से किसी अज्ञात व्यक्ति ने सोने के आभूषण चुरा लिए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों (एसपी, एएसपी और एसडीओपी) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी इटारसी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

200 सीसीटीवी कैमरों ने खोला राज

चोर तक पहुंचने के लिए पुलिस टीम ने इलाके के लगभग 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को बारीकी से खंगाला। फुटेज में एक अज्ञात बुर्का पहनी महिला संदिग्ध अवस्था में नजर आई। तकनीकी साक्ष्यों और सुरागों के आधार पर पुलिस ने महिला की पहचान सुनिश्चित की और उसे धर दबोचा। पकड़ी गई आरोपी की पहचान चाहत मंसूरी उर्फ मुस्कान लोट (28 वर्ष), निवासी पुरानी इटारसी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सभी आभूषण जप्त कर लिए हैं। पुलिस द्वारा आरोपिया से पूछताछ की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि महिला इससे पहले भी अन्य चोरी में भी आरोपी रही होगी। फिलहाल अरोपिया महिला पुलिस की गिरफ्त में है।

कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका

इस अंधे कत्ल/चोरी की गुत्थी सुलझाने में इटारसी पुलिस और साइबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा। इनमें मुख्य रूप से निरीक्षक सौरभ पांडेय, उप निरीक्षक विपिन पाल, सहायक उप निरीक्षक दिनेश झरबडे, आरक्षक राजकुमार झपाटे, महेंद्र गुर्जर, मुकेश झाडे, बसंत, नरेंद्र, अतुल, शाकिर, महिला आरक्षक दीपाली और साइबर सेल से आरक्षक संदीप एवं जितेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

निमसाड़िया में एचपीसीएल का ई-केवाईसी जागरुकता शिविर

16 अगस्त तक ई-केवाईसी पूरी करा लें

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हिंदुस्तान पेट्रोलियम द्वारा ग्राम निमसाड़िया में ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को ई-केवाईसी के प्रति जागरूक करना और समय रहते इसे पूरा करने के लिए प्रेरित करना था। शिविर में एचपीसीएल के कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर (सीआरएम) अभिषेक श्रीवास्तव ने उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी का महत्व समझाया। उन्होंने अपील की कि अंतिम समय की परेशानी और भीड़ से बचने के लिए सभी उपभोक्ता निर्धारित अंतिम तिथि 16 अगस्त तक अपनी ई-केवाईसी अवश्य पूरी करा लें। गांव में ही सुविधा मिलने से ग्रामीणों



ने भी शिविर में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर सीआरएम अभिषेक श्रीवास्तव के साथ एचपीसीएल के सेल्स अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह और एजेंसी संचालक अनमोल पाण्डेय सहित अन्य प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल

नर्मदापुरम। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को नर्मदापुरम जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय ध्वजारोहण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। मंत्री सारंग स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे तथा कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करेंगे।

गर्ल्स कॉलेज इटारसी में एनसीसी चयन परीक्षा आयोजित, छात्राओं ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में नव-प्रवेशित छात्राओं के लिए 05 एमपी बटालियन (नर्मदापुरम) में प्रवेश हेतु एनसीसी चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं में देशसेवा और अनुशासन का गजब का उत्साह देखने को मिला।



चयन प्रक्रिया में मुख्य परीक्षक के रूप में बटालियन के हवलदार संजय कुमार उपस्थित रहे। परीक्षा दो चरणों में संपन्न हुई। पहले चरण में छात्राओं की शारीरिक दक्षता (दौड़, सहनशक्ति और फुर्ती) का परीक्षण किया गया। वहीं, दूसरे चरण में सामान्य ज्ञान, राष्ट्रीय प्रतीकों और एनसीसी के सिद्धांतों पर आधारित लिखित परीक्षा ली गई। छात्राओं ने दोनों ही स्तरों पर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. मेहरा ने कहा कि एनसीसी छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन और देश के प्रति समर्पण की भावना विकसित करती है। एनसीसी प्रभारी नीतू अहिरवार ने छात्राओं के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि आज की युवा नारियों में राष्ट्रसेवा का जुनून अतुलनीय है। परीक्षक हवलदार संजय कुमार ने भी छात्राओं के उत्साह और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की जमकर तारीफ की।

नपाध्यक्ष और सीएमओ ने की जनसुनवाई, किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका में प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई आम नागरिकों को त्वरित लाभ मिल रहा है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और सीएमओ वैभव देशमुख द्वारा जनसुनवाई करते हुए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। एक बुजुर्ग महिला की पेंशन बंद होने की जांच कराकर चालू कराई गई। वहीं वार्ड क्रमांक 10 के आवेदकों द्वारा नाली और सड़क निर्माण की मांग की गई। जिस पर उपयंत्री को निर्देशित करते हुए जांच करने के निर्देश दिए। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ वैभव देशमुख के निर्देश पर नपा में जनसुनवाई की जा रही है।

इटारसी-मदनमहल पैसेंजर का समय सुबह करने मांग, सलाहकार समिति सदस्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी से मदनमहल के लिए प्रस्तावित दैनिक पैसेंजर ट्रेन (51673) के संचालन समय में बदलाव की मांग को लेकर नियमित यात्री संघ ने रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य योगेंद्र राजपूत को ज्ञापन सौंपा है। यात्रियों ने इस ट्रेन को इटारसी से सुबह 11:40 बजे की बजाय प्रातः 8:00 से 9:00 बजे के बीच चलाने और गुरमखेड़ी स्टेशन पर ठहराव देने की मांग की है।



यात्रियों का तर्क है कि दोपहर के समय ट्रेन चलने से नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और जबलपुर इलाज के लिए जाने वाले मरीजों को इसका उचित लाभ नहीं मिल पाएगा। सुबह के समय ट्रेन चलने से इन सभी वर्गों को आवागमन में सुविधा होगी।

ज्ञापन प्राप्त होने के बाद योगेंद्र राजपूत ने तत्काल भोपाल डीआरएम पंकज त्यागी से मोबाइल पर चर्चा कर जनहित में ट्रेन का समय बदलने का आग्रह किया। इस पर डीआरएम ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इसके अलावा, राजपूत ने रेलवे बोर्ड जबलपुर के समक्ष भी इस प्रस्ताव को रखने की बात कही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से डॉ. आशीष बिल्लोरे, राकेश शर्मा, कुलदीप नागले, संजय प्रजापति, आशीष जायसवाल, अनीस खान, दीपक बोराशी और रामकुमार भगोरिया सहित नियमित यात्री संघ के सदस्य व कई आम नागरिक मौजूद रहे।

चांदी के झूले पर विराजे राधा कृष्ण को भक्तों ने झूला झुलाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रावण मास को भोलेनाथ के अभिषेक के साथ ही श्रीकृष्ण और राधा रानी को समर्पित सावन के झूलों के लिए भी ब्रज से लेकर देश भर में जाना जाता रहा है। श्री राधे कृष्ण को समर्पित सावन के झूलों की इसी थीम पर नगर में भी मंदिरों, मोहल्लो, घरों में झूलोत्सव के साथ भक्ति रस से सराबोर भजनोत्सवों के आयोजन भी वैष्णव जन परिवारों की सहभागिता में किए जा रहे हैं। इसी अनुक्रम में रीटा चंद्रकांत अग्रवाल की मेजबानी में उनके निवास पर एक रंगारंग आयोजन किया गया। चांदी के झूले पर बाल कृष्ण और श्री राधा सुशोभित थे, जिनको बड़ी संख्या में उपस्थित मातृ शक्ति ने झूला झुलाया। करीब दो घंटे तक चले इस भक्ति उत्सव ने प्रसादी वितरण से विराम लिया।

विश्व आदिवासी दिवस पर सर्व आदिवासी समाज ने निकाली रैली

एक तीर एक कमान' के नारों से गूंजा शहर, मोरपंख और पीतांबर वस्त्रों में दिखी आदिवासी संस्कृति की अद्भुत झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गुरुवार को इटारसी शहर पूरी तरह से आदिवासी संस्कृति और लोक परंपराओं के सतरंगी रंगों में रंगा नजर आया। सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की अटूट एकता और शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन देखने को मिला।

इस ऐतिहासिक रैली में नर्मदापुरम जिले के अलावा बैतूल, हरदा, भोपाल, केसला और आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए।



मोरपंख और पीतांबर में सजे युवा, गूंजे जयकारे

पूरी रैली एक गहरे सांस्कृतिक पुट से सराबोर थी। इसमें शामिल युवा अपनी जड़ों और पारंपरिक वेशभूषा पर गर्व करते नजर आए। पीले वस्त्र (पीतांबर) और पीले गमछे पहने युवाओं के सिर पर सजे मोर पंख बरबस ही सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रहे थे। पूरा वातावरण 'एक तीर एक कमान, आदिवासी एक समान' के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। युवाओं ने उत्साह से लबरेज होकर आदिवासी गीतों पर पारंपरिक नृत्य किया। इस दौरान एक युवा द्वारा तलवार लहराते हुए किया गया हैरतअंगेज नृत्य भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

झूमा जयस्तंभ चौक

रैली में 5 से 6 डीजे शामिल थे, जिन पर बज रहे पारंपरिक आदिवासी गीतों ने पूरे शहर के माहौल को उत्सव में तब्दील कर दिया। जब जुलूस जयस्तंभ चौक पहुंचा, तो जबलपुर की प्रसिद्ध आदिवासी गायिका प्रियांशी भलावी और बैतूल के शुभम इरपाचे के मशहूर गीत 'ले चल होशंगाबाद' पर हजारों युवा जमकर थिरके। उत्साह और उमंग से भरी यह रैली जहां से भी गुजरी, लोगों ने इस अनूठी सांस्कृतिक छटा को अपने कैमरों में कैद किया। समापन स्थल पर एक मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। रैली का शुभारंभ सुबह पुरानी इटारसी स्थित रानी दुर्गावती चौराहे से हुआ। यहां से जुलूस सनखेड़ा रोड, पुरानी एसबीआई बैंक के सामने और आजाद चौराहा होते हुए ओवरब्रिज पार कर शहर में दाखिल हुआ।

सांसद माया नारोलिया ने गृह मंत्री अमित शाह से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लाखों पेंशनभोगियों तथा 'भारत पेंशनर्स समाज' की ओर से गृह मंत्री को एक विशेष आभार पत्र सौंपा। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच सांगठनिक और विकासपरक विषयों पर भी चर्चा हुई। सांसद नारोलिया ने बताया कि मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम-2000 की धारा 49(6) के कारण पेंशनभोगियों को मिलने वाली महंगाई राहत (DR) में पिछले दो दशकों से आ रही अड़चनों का अब स्थायी समाधान हो गया है। गृह मंत्री के दिशा-निर्देशन में दोनों राज्यों के बीच पारस्परिक सहमति की अनिवार्य बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है।

खबर संक्षेप

15 अगस्त को मांस-मटन मछली का विक्रय प्रतिबंधित

सारनी। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को नगर पालिका क्षेत्र के सभी पशुवध गृह, मांस, चिकन, मटन, मछली की दुकानें बंद रहेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार शनिवार 15 अगस्त को पशुवध गृह, मांस, चिकन, मटन, मछली का विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश की अव्हेलना किए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित दुकानदार की होगी।

स्कूली बच्चों ने निकाली भव्य तिरंगा रैली



शाहपुर। हर-घर तिरंगा अभियान के तहत नगर परिषद शाहपुर के तत्वावधान में नगर की गलियों में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा नगर परिषद शाहपुर के प्रांगण से प्रारंभ होकर, पुराना बस स्टैंड, बड़ चौक, दुर्गा चौक, राम मंदिर चौक, पटेल चौक से होते हुए जनपद कार्यालय शाहपुर पहुंची। इसमें सैकड़ों स्कूली विद्यार्थी शामिल हुए। वंदेमातरम् गीत पर बच्चे जमकर झूमे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हर-घर तिरंगा अभियान के तहत गुरूवार 13 अगस्त को पहली यात्रा सुबह 10.30 बजे नगर परिषद शाहपुर से निकाली गई। यात्रा में नगर रैली में,नगर परिषद शाहपुर और कन्या उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल शाहपुर, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल शाहपुर, सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल शाहपुर, एकलव्य मॉडल स्कूल शाहपुर, के 9वी से 12वीं तक के बच्चे शामिल रहे। उन्होंने तिरंगे को हर घर पर फहराने का आग्रह किया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे बच्चों ने भारत माता की आकर्षक झांकी को भी अति सुंदर स्वरूप दिया गया। नगर शाहपुर के नागरिकों के द्वारा बैलगाड़ी को भी सुंदर सजाकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाया गया। भारत माता की जय के गगन भेदी नारों से नगर शाहपुर देश भक्ति के रंग में रंग गया।

रायपुर में देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



शाहपुर। ग्राम रायपुर में सनराइज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी (सेक्टर शाहपुर) के नवांकुर संस्थान द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा, तिरंगा यात्रा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह और देशभक्ति के माहौल में किया गया। यह आयोजन जिला समन्वयक संतोष राजपूत के निर्देशन तथा विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कर की गई। इसके उपरांत नवांकुर सखी एवं स्कूली बच्चों द्वारा पूरे गांव में एक विशाल तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे बच्चों और नवांकुर सखियों के देशभक्ति के नारों से पूरा गांव गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत रायपुर के सरपंच सुरेश टेकाम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले में अरुण कुमार जोठे, आरती ठाकुर, शीतल परसाई, रोहित साहू सहित अन्य लोग शामिल है।

एनसीसी ने दिया हर घर तिरंगे का संदेश



बैतूल। 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने मानव श्रृंखला बनाकर हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता का संदेश अनोखे तरीके से दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विभिन्न संगठनों द्वारा विगत एक सप्ताह से तिरंगा यात्रा व रैली का आयोजन कराया जा रहा है।

मुलताई-बोरदेही मार्ग पर रेलवे स्टेशन चौक के पास देर रात हुई घटना

नागद्वारी जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पर पथराव, कांच टूटे, कई यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

पवित्र नगरी मुलताई से नागद्वारी जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस पर बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात पथराव किए जाने की गंभीर घटना सामने आई है। अचानक हुए पथराव से बस के कई कांच टूट गए, जबकि पत्थरों की चपेट में आने से कुछ श्रद्धालुओं को चोटें आईं। घटना के बाद घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया, जिसके बाद श्रद्धालु अपनी यात्रा पर आगे रवाना हो गए। मुलताई धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ ही नागद्वारी, पचमढ़ी सहित आसपास के अनेक धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव भी है। महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मुलताई पहुंचते हैं और यहां से नागद्वारी तथा अन्य तीर्थस्थलों के लिए रवाना होते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं से भरी बस पर पथराव की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।



जन्मदिन मना रहे युवकों से विवाद के बाद बस पर पथराव का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

जन्मदिन मना रहे युवकों से विवाद के बाद पथराव का आरोप

जानकारी के अनुसार, श्रद्धालुओं से भरी बस मुलताई से बोरदेही मार्ग होते हुए नागद्वारी की ओर जा रही थी। रात के समय बस जब मुलताई के रेलवे स्टेशन चौक के पास पहुंची, उस दौरान वहां कुछ युवक जन्मदिन मना रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान बस चालक और युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद बढऩे के बाद युवकों ने कथित रूप से बस पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव से बस में बैठे श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में बस के कई कांच टूट गए और पत्थरों की चपेट में आने से कुछ यात्रियों को चोटें आईं।

चालक ने बस आगे बढ़ाई, पुलिस को दी सूचना

घटना के बाद बस चालक ने स्थिति को देखते हुए बस को वहां से आगे बढ़ाया। यात्रियों ने घटना की जानकारी रात में ही पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र से जानकारी जुटाना शुरू किया। थाना प्रभारी विकास पटेल ने बताया कि बस पर पथराव किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा घटनास्थल तथा आसपास लगे संभावित सीसीटीवी कैमरों और अन्य माध्यमों से जानकारी जुटाई जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

सीसीटीवी कैमरों से जुटाई जा रही जानकारी

घटना के बाद बस चालक ने स्थिति को देखते हुए बस को वहां से आगे बढ़ाया। यात्रियों ने घटना की जानकारी रात में ही पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र से जानकारी जुटाना शुरू किया। थाना प्रभारी विकास पटेल ने बताया कि बस पर पथराव किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा घटनास्थल तथा आसपास लगे संभावित सीसीटीवी कैमरों और अन्य माध्यमों से जानकारी जुटाई जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

पथराव की इस घटना को लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि मुलताई धार्मिक नगरी है और यहां महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु धार्मिक यात्राओं के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में यात्रियों के साथ इस तरह की घटना नगर की छवि को प्रभावित कर सकती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक स्थानों पर देर रात जन्मदिन मनाने अथवा अन्य आयोजनों के नाम पर हुड़दंग करने वालों पर सख्ती की जाए। साथ ही रेलवे स्टेशन चौक सहित प्रमुख स्थानों पर रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही पथराव की घटना के वास्तविक कारण और इसमें शामिल लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी।

हर-घर तिरंगा अभियान

सारनी और शोभापुर में स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

हर-घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सारनी के तत्वावधान में सारनी एवं शोभापुर कॉलोनी की गलियों में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों स्कूली विद्यार्थी शामिल हुए। वंदेमातरम् गीत पर बच्चे जमकर झूमे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण ने भी बढ़चढक़र हिस्सा लिया।

हर-घर तिरंगा अभियान के तहत गुरूवार 13 अगस्त को पहली यात्रा सुबह 10.30 बजे से एकीकृत कन्या विद्यालय शोभापुर कॉलोनी से निकाली गई। यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पार्षद दशरथसिंह जाट, नेता प्रतिपक्ष आनंद नागले पिंटिश, सरिता वागद्रे, एल्डरमैन रमेश हारोडे, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्य एवं अन्य जनप्रतिनधिगणों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। रैली स्कूल से प्रारंभ होकर गायत्री मंदिर, शक्तिनगर, अंबेडकर चौक पहुंची।

यहां यात्रा का फूलों से स्वागत किया गया। इसके बाद रैली सुपर मार्केट पहुंची। यहां भी व्यापारियों, नागरिकों ने स्वागत किया। समापन वापस एकीकृत कन्या विद्यालय शोभापुर कॉलोनी में हुआ। रैली में एकीकृत कन्या विद्यालय शोभापुर कॉलोनी, एमजीएम स्कूल बगडोना, लिटिल फ्लावर स्कूल, ओक्सफोर्ड स्कूल, एसडीएम स्कूल, डीपीएस स्कूल, एकीकृत कन्या विद्यालय प्रेम नगर पाथाखेड़ा, बालक हायरसेकेंडरी स्कूल शोभापुर कॉलोनी समेत अन्य स्कूल के बच्चे शामिल रहे। यहां नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कार्यक्रम को संबोधित किया।



खेल और पपेट शो से दी बैंकिंग व सुरक्षा की सीख

रिजर्व बैंक के द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

आरबीआई कार्यशाला में सारणी में डीईए जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारणी

भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नपाध्यक्ष किशोर वर्डे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, सीएमओ हितेश शाक्य एवं अन्य विशेष अतिथियों ने किया। सारणी में आयोजन नगर पालिका परिसर के सभा कक्ष में किया गया जिसके संयोजन की भूमिका कमल किशोर भावसार ने किया। नपाध्यक्ष किशोर वर्डे ने उपस्थित प्रतिभागियों का आव्हान किया कि रिजर्व बैंक के डी ई ए कार्यक्रम से जो कुछ भी सीख रहें बैंक खाते संचालन से लेकर वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव तक इसे आगे भी जागरूकता की ओर ले जाना है। कार्यक्रम में विभिन्न वित्तीय विशेषज्ञों ने सरल और रोचक माध्यमों से ग्रामीणों को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं गई । वरिष्ठ वित्तीय विशेषज्ञ के. एम. दुबे ने उपस्थित नागरिकों को बैंक कार्यप्रणाली और खातों की बुनियादी सुरक्षा से अवगत कराया। वहीं बी. बी. गांधी ने विभिन्न प्रकार के खातों जैसे बचत, चालू, और सावधि जमा के लाभ बताते हुए सही खाते के चयन की प्रक्रिया समझाई।

विशेषज्ञ राकेश खरे ने भारत सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं बीमा योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और जीवन ज्योति बीमा योजना की विस्तृत जानकारी दी। डिजिटल बैंकिंग के दौर में बढ़ते ऑनलाइन अपराधों पर शुभम पुरोहित ने विस्तार से बात की। कार्यक्रम को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए पारंपरिक व खेल विधाओं का सहारा लिया गया । इसके साथ ही, एक आकर्षक पपेट शो का मंचन भी किया गया। इस शिविर के समापन पर उपस्थित नागरिकों के बैंकिंग से जुड़े विभिन्न प्रश्नों और शंकाओं का विशेषज्ञों द्वारा समाधान भी किया गया।

महिला आईटीआई में 6 ट्रेड के आधुनिक भवन का होगा निर्माण

10.68 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का केंद्रीय राज्यमंत्री उईके ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं सांसद दुर्गादास उईके ने शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई में 10.68 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत शासकीय आईटीआई में 60 सीटर बालक छात्रावास तथा एकलव्य महिला आईटीआई में 6 ट्रेड के आधुनिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, श्रीमती सुनीता बारस्कर, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, कृष्णा गायकी, विक्रम वैद्य, नितिन बारस्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री पीआईयू श्री बारस्कर, एसडीओ पीआईयू अजय सिंह तोमर, जिला रोजगार अधिकारी श्याम धुर्वे, प्राचार्य आईटीआई शुभम वानखेड़े एवं प्राचार्य महिला आईटीआई श्री अजीत पंद्रे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में आए क्रांतिकारी बदलाव : उईके

केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। विधायक बैतूल श्री हेमंत खंडेलवाल के प्रयासों से जिले को 60 सीटर बालक छात्रावास एवं नवीन ट्रेड भवन की महत्वपूर्ण सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि बेटियों के कल्याण के लिए 70 से अधिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आज हमारी महिला शक्ति न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नेतृत्व कर रही है। कौशल विकास के क्षेत्र में आधुनिक भवन, छात्रावास, छात्रवृत्ति सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण से प्रतिष्ठित कंपनियों में मिल रहा प्लेसमेंट: कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने कहा कि जिले की एकलव्य महिला आईटीआई की पूरे प्रदेश में विशिष्ट पहचान है। यहां निरंतर गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण से बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। अधोसंरचना विकास और मध्यप्रदेश शासन की कौशल विकास नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बालिकाएं देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट प्राप्त कर रही हैं। नवीन भवन और सुविधाओं के निर्माण से प्रशिक्षण की गुणवत्ता में और वृद्धि होगी तथा जिले की बेटियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।

तीन वर्षों से शत-प्रतिशत प्रवेश, राष्ट्रीय मेरिट में भी जिले का नाम रोशन

प्राचार्य अजीत पंद्रे ने बताया कि महिला आईटीआई ने विगत तीन वर्षों से शत-प्रतिशत प्रवेश की उपलब्धि हासिल की है। संस्था की छात्रा त्रिशा तावड़े, अरविंद कुमरे और नीता तावड़े ने राष्ट्रीय मेरिट में स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है। संस्था ने 9.2 रेटिंग के साथ पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। नवीन अधोसंरचना के निर्माण से संस्था की गुणवत्ता और रेटिंग में और सुधार होगा तथा विद्यार्थियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

हजारों विद्यार्थियों ने निकाली भव्य तिरंगा रैली

पवित्र नगरी मुलताई में उमड़ा देशभक्ति का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

पवित्र नगरी मुलताई में गुरुवार को विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में नगर के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। देशभक्ति के नारों और राष्ट्रभक्ति के जोश से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। रैली का शुभारंभ कृषि उपज मंडी परिसर से विधायक चंद्रशेखर देशमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार के नेतृत्व में किया गया। इसके बाद रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय, वंदे मातरम और अन्य देशभक्ति के नारों का उद्घोष करते हुए आगे बढ़े। मार्ग में जगह-जगह मौजूद नागरिकों ने तालियों और जयघोष के साथ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। रैली में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, पार्षद, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं नगरवासी भी शामिल हुए। सभी ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश देते हुए कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि तिरंगा भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, गर्व और समर्पण की भावना होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाने के लिए अनेक जन-जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

विधायक एवं नपा अध्यक्ष के नेतृत्व में निकली रैली

बीज के करीब 400 सैंपल लिये, सिर्फ 121 की आई रिपोर्ट

खाद के पांच और बीज के 20 नमूने गुणवत्ता जांच में हो गए फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कृषि विभाग की ओर से बाजार से जो खाद, बीज व कीटनाशक के नमूने लिए जाते हैं, उनकी रिपोर्ट एक से दो महीने बाद आती है। जब तक किसान फसल बोवनी कर चुका होता है। जिसकी वजह से किसानों को खाद-बीज के सैंपल लेने से कोई फायदा नहीं मिल रहा है। इस साल भी कृषि विभाग ने खरीफ सीजन के पहले विक्रेताओं से खाद और बीज के नमूने लिये थे। इन नमूनों में से 25 सैंपल अमानक पाए गए हैं। इनमें 5 खाद और 20 बीज के नमूने गुणवत्ता जांच में फेल हुए हैं। गंभीर बात यह है कि यह रिपोर्ट तब सामने आई है, जब जिले में बोवनी का काम लगभग समाप्त हो चुका है और संबंधित खाद-बीज का अधिकांश स्टॉक किसानों तक पहुंच चुका है। ऐसे में यदि खाद-बीज और कीटनाशक की जांच, समय पर होती तो किसानों को संभावित नुकसान से बचाया जा सकता था। बताया गया कि कृषि विभाग ने खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले खाद के 80 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे थे। इनकी रिपोर्ट डेढ़ से दो महीने बाद प्राप्त हुई, जबकि इस दौरान संबंधित खाद बाजार में बिक चुकी थी। जांच में अमोनियम सल्फेट, 20:20:10, 20ऽ20:13 और 12:32:06 ग्रेड के पांच नमूने अमानक पाए गए। इसके अलावा बाद में भेजे 10 नमूनों की रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।



400 नमूनों के लिए सैंपल, 121 की आई रिपोर्ट

विभाग ने 400 बीज नमूने जांच के लिए भेजे थे, लेकिन अब तक केवल 121 की रिपोर्ट आई है। इनमें 20 नमूने अंकुरण क्षमता में फेल पाए गए हैं। जिले में बोवनी पहले ही पूरी हो चुकी है, जबकि 279 नमूनों की रिपोर्ट अभी भी लंबित है। यदि इनमें भी बड़ी संख्या में नमूने अमानक निकलते हैं तो किसानों के नुकसान का आंकलन करना मुश्किल होगा। किसानों का कहना है कि बोवनी के पहले ही खाद, बीजों के सैंपल की रिपोर्ट सार्वजनिक होनी चाहिए। किसानों को कृषि विभाग द्वारा बोवनी के पहले खाद, बीज की सही जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए। इस मामले में किसान लोकेश, श्याम का कहना है कि यदि विभाग पहले ही बीज के नमूने लेकर जांच करा लेता तो किसानों को नुकसान का सामना नहीं करना पड़ता।

अब विक्रेताओं को जारी किए जा रहे नोटिस

कृषि विभाग ने अमानक पाए गए खाद-बीज के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाने और संबंधित विक्रेताओं को नोटिस जारी करने की कार्रवाई शुरू की है। विभाग का कहना है कि जवाब मिलने के बाद लाइसेंस निलंबन और दुकान सील करने जैसी कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि विभाग द्वारा लिए गए खाद के सैंपल को जांच के लिए भेजा जाता है। खाद और बीजों की जांच रिपोर्ट में यदि उनके अमानक व नकली होने का तथ्य सामने आता है तो तत्काल कृषि विभाग उस लॉट व बैच नंबर की बिक्री को प्रतिबंधित कर देता है। साथ ही कंपनी का लाइसेंस खाद, बीज अधिनियम के अंर्तगत रद्द कर दिया जाता है, लेकिन इस लंबी प्रक्रिया के दौरान किसान हजारों क्विंटल अमानक व नकली खाद बीज का उपयोग कर चुका होता है। इससे नुकसान होने पर किसानों को किसी तरह की सहायता भी नहीं मिल पाती है।

सिर्फ दो कीटनाशकों के लिये नमूने

विभाग को खरीफ सीजन में 13 कीटनाशक नमूने लेने का लक्ष्य मिला था, लेकिन अब तक केवल दो नमूने ही एकत्र किए गए हैं। इन्हें भी अभी तक प्रयोगशाला में जांच के लिए नहीं भेजा है। जबकि बोवनी को एक से डेढ़ महीना बीत चुका है और किसान लगातार कीटनाशकों का उपयोग कर रहे हैं। बता दे कि जिले में लगभग 400 लाइसेंसधारी खाद बीज की दुकानें हैं। ऐसे में अमानक खाद-बीज का बाजार तक पहुंचना और जांच रिपोर्ट का बोवनी के बाद आना निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। किसानों का कहना है यदि जांच समय पर पूरी होती और दोषी विक्रेताओं पर पहले कार्रवाई होती, तो हजारों किसानों को संभावित नुकसान से बचाया जा सकता था।

अभी भी 279 बीज नमूनों की रिपोर्ट अप्राप्त

जिले में कृषि विभाग द्वारा करीब 400 बीज के नमूने लिये गये थे, जिसमें से अब तक केवल 121 बीज के नमूने की रिपोर्ट आई है। अभी भी किसानों की नजर लंबित 279 बीज के नमूनों की रिपोर्ट पर टिकी हुई है। किसानों का कहना है कि बेचे जाने वाले खाद व बीजों की जांच बोवनी के पहले किए जाने के निर्देश दिए थे। अब तक जिले में इस तरह का कोई सिस्टम नहीं बन पाया है, कि बुआई के पहले सैंपलों की रिपोर्ट प्राप्त हो सके। किसानों का कहना है कि रिपोर्ट आने के पहले ही कई किसान बुआई कर चुके होते है। बाद में रिपोर्ट आती भी है तो किसानों को नुकसान से राहत नही मिल पाती है और किसानों को दोबारा बुआई करना पड़ता है।

इनका कहना है

खाद-बीज के कुछ नमूनों की रिपोर्ट आ चुकी है। हैं। खाद के 5 और बीज के 20 नमूने अमानक पाए गए हैं। इनके क्रय-विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। मामले में नोटिस जारी किए गए हैं जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- रामगोपाल रजक, उप संचालक कृषि विभाग, बैतूल

खबर संक्षेप

हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा प्रश्नोत्तरी व पोस्टर प्रदर्शनी हुई

सीहोर। सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में हर घर तिरंगा अभियान–2026 के अंतर्गत तिरंगा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं तिरंगा पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रोहिताश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के तीनों रंगों एवं अशोक चक्र के महत्व से अवगत कराते हुए राष्ट्रध्वज के सम्मान, राष्ट्रीय एकता तथा देशभक्ति की भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। तिरंगा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीन टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय ध्वज, स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय प्रतीकों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक पोस्टरों की तिरंगा पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसकी सभी उपस्थितजनों ने सराहना की।

हर घर तिरंगा अभियान के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

सीहोर। जिले में हर घर तिरंगा अभियान-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर अधिकारियों को नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभियान का आयोजन 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। संबंधित अधिकारियों को अभियान की गतिविधियों के सुचारू संचालन, समन्वय तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सोहागपुर में निकाली तिरंगा यात्रा, सम्मिलित हुए हजारों विद्यार्थी तथा आमजन

जान तिरंगा है, देश की शान तिरंगा है के जयघोष से गूंजा शहर, हुए कार्यक्रम

भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोहागपुर शहर में गुरुवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। रैली में विधायक विजयपाल सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थी, भाजपाई, अधिकारी-कर्मचारी व आमजन शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि विजय छाबड़िया, विधायक प्रतिनिधि अभिनव पालीवाल व नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस सहित भारतीय सेना के अदम्य साहस को समर्पित भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। नप सोहागपुर अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 10.30 बजे कॉलेज परिसर से विधायक की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षाकर आम नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया।

यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई दोपहर में रानी लक्ष्मी बाई मंच पहुंची यात्रा विधायक विजयपाल सिंह के उद्बोधन उपरांत संपन्न हुई। इस दौरान निजी तथा सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी, एनएसएस व एनसीसी इकाई के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। यात्रा में पूर्व भारतीय सैनिक भी पूरे जोश के साथ शामिल हुए। स्कूली बच्चों में भाजपा नेताओं ने फल का वितरण किया। साथ ही सभी विद्यार्थियों का यात्रा में सक्रिय व जोशीली सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। मंचीय आयोजन में पूर्व भारतीय सैनिकों का सम्मान किया गया। 200 फिट लंबा तिरंगा इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा।

ये हुए शामिल

भव्य तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के वरिष्ठजन कन्नूलाल अग्रवाल, नारायण दास छाबड़िया एवं कृष्णा पालीवाल सहित पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जेपी माहेश्वरी, अभय खंडेलवाल, नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, नप एआरआई संजय परसाई, बीआरसी राकेश रघुवंशी, बीईओ राकेश उईके, एसएडीओ सुनील बर्डे, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, भाजपा नेता मनोज अग्रवाल, पार्षद गौरव पालीवाल, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरव अग्रवाल, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सौरभ सोनी, पर्यावरण संरक्षण संस्था डायरेक्टर सौरभ अग्रवाल, पार्षदगण, भाजपाई एवं अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए। समापन पर आम नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई।

गुड़वा बेटियो ने संभाला ध्वज



तिरंगा यात्रा के दौरान पार्षद गौरव पालीवाल की जुड़वा बेटियों ने राह किनारे तिरंगा थामकर रैली में शामिल सभी का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान पार्षद गौरव पालीवाल भी शामिल रहे।

ग्राम पंचायत कोटगांव में निकाली तिरंगा यात्रा



माखन नगर। ग्राम पंचायत कोटगांव में तिरंगा यात्रा निकाली गई यह यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए शासकीय स्कूल तक निकली गई ग्राम पंचायत की सरपंच अनिता यादव ग्राम के गणमान्य नागरिक पंचायत सचिव सहायक सचिव छात्र-छात्राएं शिक्षक गण मौजूद रहे तिरंगा यात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से निकलते हुए पंचायत भवन पहुंची यहां समापन हुआ।

तिरंगा अभियान पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित हुए कार्यक्रम



माखन नगर। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के मार्गदर्शन श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर जिला नर्मदापुरम में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत चित्रकला,पोस्टर और प्रश्नोत्तरी गतिविधियों का आयोजन अलग अलग दिनों में किया जा रहा है राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,खेल विभाग एनसीसी,स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक प्रो.श्रुतिका कंसाकार तथा डॉ.अमिताभ शुक्ला थे ,प्रश्नोत्तरी में निर्णायक के रूप में डॉ.मनीष शर्मा,श्रुतिका कांसकार रही कार्यक्रम का आयोजन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कविता दुबे तथा डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया प्राचार्य ने सफल प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

खाद्य विभाग की कार्रवाई दूध खोया पनीर के लिए नमूने

संदेह के आधार पर की कार्रवाई, सैंपल भेजे



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार ने माखन नगर स्थित ग्रामीण डेयरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने संदेह के आधार पर दूध, खोया, पनीर एवं घी के कुल 08 नमूने जांच के लिए लिए।

सभी नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के अनुरूप अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रकरण प्रस्तावित किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा बताया गया कि जिले में खाद्य पदार्थों, विशेषकर दूध, दुग्ध उत्पाद एवं घी की गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से जारी रहेगी।

उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा लगातार निगरानी एवं सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मिलावट एवं अमानक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रखी जायेगी।

वेयरहाउस में नियुक्त सर्वेयर से की मारपीट

पिपरिया। समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की जा रही है। वेयरहाउस कोई भी खाली नहीं होने से तथा ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर लाइन लगी होने से आवागमन में लगातार जनता परेशान हो रही है।इस बात को ध्यान में रखते हुए। पचमढ़ी रोड स्थित क्रषणा वेयरहाउस में खरीदी करने के लिए सेवा सहकारी समिति खापरखेड़ा को आस्तिक वेयरहाउस से भेजा गया था। सर्वेयर नियुक्त प्रखर नारोलिया को लेकिन राईखेड़ी बीजनवाडा घोघरी सिमारा, पनारी सहित अन्य सभी आसपास के किसानों ने प्रखर नारोलिया से प्राप्त जानकारी अनुसार जबरजस्ती दबाब बना कर नान एफ ए क्यू गुणवत्ता विहिन मूंग को भी पास करने की बात कर रहे थे। पास नहीं करने पर किसानों द्वारा गाली गलौज मारपीट कर पैसे छीनने की घटनाओं को अंजाम दिया है। नायाब तहसीलदार नीरज बैंस ने मौके पर जाकर मामला दर्ज कराने की बात कही है। कांग्रेसं का आरोप है 20अगस्त अंतिम तिथि है खरीदी की लगभग 160 ट्रेक्टर ट्राली सड़कों पर लाइन लगी है, कांग्रेस कमेटी के अनुसार जल्द खरीदी की जावे। नीरज बैंस नायाब तहसीलदार ने बताया कि सर्वेयर नियुक्त से किसानों ने अभद्रता कर मारपीट की हे। सर्वेयर ने खरीदी बंद करके थाने चले गए थे। नया सर्वेयर नियुक्त कर खरीदी प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।

भारती विद्या मंदिर में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया



भैरूंदा। भारती विद्या मंदिर इंटरनेशनल स्कूल, भैरूंदा में गरिमामय एवं अनुशासित वातावरण में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीओपी भैरूंदा रोशन सिंह जैन, विद्यालय के निदेशक विनय यादव एवं प्राचार्य आशीष चौधरी ने माताजी निर्मला देवी के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का मुख्य आकर्षण छात्र परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रहा। विद्यालय के राष्ट्रपति श्रेयन यादव, उपराष्ट्रपति केशव यादव, डिसिप्लिन मिनिस्टर उत्कर्षी राजपूत सहित अन्य छात्र मंत्रियों को प्राचार्य आशीष चौधरी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एसडीओपी रोशन सिंह जैन ने सीबीएसई बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट एवं लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और अनुशासन सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय के निदेशक विनय यादव ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं श्रेष्ठ संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भविष्य में समाज के जिम्मेदार एवं अच्छे नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान हुआ तथा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समारोह में विद्यालय परिवार के सदस्य, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रिंकी यादव की मौजूदगी में लगातार दूसरी बार जीता स्वर्ण पदक

11वीं इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कप्तान रहीं, ट्राइडेंट ग्रुप बुधनी में हैं कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



नेपाल के पोखरा में 29 से 31 जुलाई तक आयोजित 11वीं इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप-2026 में भारतीय कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम की कप्तानी ट्राइडेंट ग्रुप में कार्यरत रिंकी यादव ने की टीम की इस स्वर्णिम सफलता में रिंकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है रिंकी यादव ने इस सफलता के साथ इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने का गौरव हासिल किया है। इससे पहले जनवरी 2026 में आयोजित 10वीं इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप में भी रिंकी भारतीय टीम का हिस्सा रही थीं और टीम ने स्वर्ण पदक जीता था लगातार दो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करना रिंकी की खेल के प्रति मेहनत, अनुशासन और समर्पण को दर्शाता है। खास बात यह है कि रिंकी खेल के साथ ट्राइडेंट ग्रुप में अपनी भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रही हैं। बावजूद इसके राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के बीच बेहतर तालमेल बनाकर उन्होंने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

अपनी उपलब्धि पर रिंकी यादव ने कहा कि 11वीं इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा होना उनके लिए गर्व की बात है लगातार दूसरी बार इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना उनके लिए विशेष उपलब्धि है उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार,टीम के साथियों और ट्राइडेंट ग्रुप से मिले परस्पर सहयोग को दिया उन्होंने ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन एमेरिटस पद्मश्री राजिंदर गुप्ता के प्रति भी आभार व्यक्त किया। रिंकी ने कहा कि प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे अवसर देने वाली सोच ने प्रेरित किया है।

सर्पमित्र ने जंगल में छोड़ा सर्प, सपेरे को दी समझाइश



सोहागपुर। सोहागपुर के सर्पमित्र राहुल कुशवाहा ने गत दिवस एक सपेरे को रोका, जो टोकनी में सर्प रखकर भिक्षा मांग रहा था। राहुल ने सपेरे से सर्प लिया। एवं सपेरे को समझाया कि सर्पों को इस तरह रखना उनके प्राकृतिक जीवन के साथ खिलवाड़ है। सर्प का सुरक्षित रेस्क्यू करने के बाद राहुल कुशवाहा ने उसे बिना कोई नुकसान पहुंचाए, कामती के समीप स्थित घने जंगलों में ले जाकर पूरी तरह सुरक्षित माहौल में आज़ाद कर दिया।

इंसपायर पोदार लर्न स्कूल पवारखेड़ा में हुआ इन्वेस्टिचर सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इंस्पायर पोदार लर्न स्कूल, पवारखेड़ा में बुधवार को भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों को विद्यालय के विभिन्न नेतृत्व पदों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। तथा उन्हें पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अनिरुद्ध शुक्ला, सेवानिवृत्त शासकीय प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि श्री संदीप सिंह भदौरिया, पूर्व सैनिक भारतीय सेना, रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

अभिभावक रहे उपस्थित

विद्यालय की प्राचार्य प्रतीक्षा दुबे, प्रबंधन से राजेंद्र यादव, मीडिया से प्रभारी किरण तोमर, खेल से रवि हरदुआ सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था। अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक अपने बच्चों के पद ग्रहण करने के इस विशेष अवसर का साक्षी बनकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन साक्षी पाथरिया एवं कनिष्का चौधरी ने किया।

विद्यालय में विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। समारोह में नेतृत्व के साथ खेल भावना, टीमवर्क और अनुशासन के महत्व पर भी जोर दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रतीक्षा दुबे ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करने का नाम नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने, दूसरों के लिए उदाहरण बनने और विद्यालय के मूल्यों को आगे बढ़ाने का अवसर है। समारोह में उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता एवं खेल प्रतिभा को विकसित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

समितियों में होनहार विद्यार्थी बने पदाधिकारी

अभियान 350 एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की

सरस्वती शिशु मंदिर में बाल कार्यकारिणी का हुआ गठन बनाए शिशु व बाल भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर में शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती तथा तरूण भारती का गठन किया गया। सभी समितियों में होनहार विद्यार्थी पदाधिकारी बनाए गए हैं। शाला प्रबंधन के अनुसार किशोर भारती व तरुण भारती में अध्यक्ष प्रिंस पटेल, उपाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, सचिव वैशाली पटेल, सहसचिव देव सोनकर, कोषाध्यक्ष शौर्य दीक्षित, विज्ञान प्रमुख यशोदा गोस्वामी, विज्ञान प्रमुख जानवी सिंगारे, खेलकूद प्रमुख प्रशांत पटेल, सांस्कृतिक प्रमुख रिशिका चौरसिया, अनुशासन प्रमुख कमलेश कुशवाहा एवं स्वच्छता प्रमुख डॉली पठारिया बनाए गए हैं।

बाल भारती में अध्यक्ष वंशिका पुर्विया, उपाध्यक्ष अंश यादव, कोषाध्यक्ष अंजली ठाकुर, सचिव मनस्वी चौहान, सह सचिव गौरी रघुवंशी, विज्ञान प्रमुख वंदित पठारिया, वंदना प्रमुख पलक कुशवाहा, खेलकूद प्रमुख कृष्णा ठाकुर, सांस्कृतिक प्रमुख अयांश पुर्विया, अनुशासन प्रमुख पलक कुशवाहा, स्वच्छता प्रमुख भारती प्रजापति, चिकित्सा प्रमुख पीयूष पुर्विया, जल प्रमुख परिधि पटेल, योग प्रमुख दिव्यांशी वानवंशी एवं शैक्षणिक प्रमुख मयंक कुशवाहा बनाए गए हैं।

कन्या भारती में अध्यक्ष रूबी पाल, उपाध्यक्ष ऋषिका चौरसिया, सचिव यशिका मेहरा, सह सचिव प्रिया पटेल, कोषाध्यक्ष महक ठाकुर, विज्ञान प्रमुख सृष्टि कुशवाहा, वंदना प्रमुख वंशिका पुर्विया, खेलकूद प्रमुख सृष्टि कुशवाहा, सांस्कृतिक डॉली पठारिया, अनुशासन प्रमुख गोरी रघुवंशी व स्वच्छता प्रमुख एंजेल कुशवाहा बनाए गए हैं। संस्था प्राचार्य अशोक दुबे ने बताया कि स्टाफ ने सभी को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालक जीवन दुबे ने किया।

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की एनएसएस यूनिट ने मेगा पौधरोपण अभियान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से मेगा पौधरोपण अभियान 2026 का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। इसके साक्षी बने वन विकास निगम के उप वन संरक्षक एवं संभागीय प्रबंधक तरुण कौरव, वन मुख्यालय भोपाल के उप वन संरक्षक एवं अनुसंधान एवं विस्तार शाखा के परियोजना संभाग प्रभारी जितेंद्र गुप्ता, विश्वविद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. शंकर विश्वनाथन, वाइस चांसलर सतीश कुमार मोढ़, प्रो-वीसी डॉ. टी. बी. श्रीधरन, रजिस्ट्रार डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्रा, डायरेक्टर ऑपरेशंस डॉ. एस. प्रभाकर, नगरीय प्रशासन विभाग संचालनालय के सोशल एक्सपर्ट जितेन्द्र झा, अमृत हरित महाअभियान के प्रभारी उपेंद्र द्विवेदी और सत्यजीत दास, कोठरी नगर परिषद अध्यक्ष राधेश्याम दलपति, सीएमओ राहुल शर्मा, उपयंत्री निखिल कचनरिया, पिंटू चंद्रवंशी, एनएसएस इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देवव्रत गुप्ता, दीप्ति भोजवानी और वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के लायजनिंग ऑफिसर अखिलेश बरुआ। वाइस प्रेसिडेंट डॉ. शंकर विश्वनाथन ने कहा,₹प्रकृति के संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि इन पौधों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक तैयार करने तक है। ऐसे अभियान विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास की भावना को सशक्त बनाते हैं।

अपने संबोधन में अतिथियों ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनका संरक्षण करने तथा समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।इसके पश्चात सभी गणमान्य अतिथियों, वन विभाग के अधिकारियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

इस अभियान में लगभग 350 एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्वयंसेवकों को 15 टीमों में विभाजित कर परिसर के निर्धारित स्थानों पर पौधारोपण कराया गया। अभियान के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में 2,000 पौधों का रोपण किया गया, जिससे परिसर की हरियाली को बढ़ावा मिला। पौधरोपण के साथ साथ सभी प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण एवं उनकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया।

खबर संक्षेप

कृषि विपणन पुरस्कार का ड्रॉ कल होगा

खरगोन। कृषि उपज मंडी समिति खरगोन में कृषि विपणन पुरस्कार योजना के अंतर्गत पुरस्कारों का ड्रॉ 15 अगस्त शनिवार को दोपहर 12 बजे अनाज मंडी प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। मंडी समिति के सचिव ने बताया कि कृषि विपणन पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2020-21 से वर्तमान तक कुल 6,804 कूपन जारी किए गए हैं। इन सभी कूपनों को ड्रॉ में शामिल किया जाएगा। योजना के अंतर्गत 35 एचपी के एक ट्रैक्टर के पुरस्कार का बम्पर ड्रॉ खोला जाएगा। इसके साथ ही मंडी बोर्ड के निर्देशानुसार 10 नकद पुरस्कार, कुल 01 लाख 04 हजार रुपये की पुरस्कार राशि के ड्रॉ भी निकाले जाएंगे। मंडी समिति खरगोन द्वारा समस्त कृषक बंधुओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय पर अधिकाधिक संख्या में अनाज मंडी प्रांगण में उपस्थित होकर पुरस्कार ड्रॉ कार्यक्रम में सहभागिता करें तथा कार्यक्रम को सफल बनाएं।

रोजगार मेले में हुआ 397 आवेदकों का प्राथमिक चयन

सीहोर। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 452 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया जिनका विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटरव्यू लिया गया। मेले में 15 कंपनियों द्वारा 397 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत एक हितग्राही राहुल मेवाड़ा को आटा चक्की एवं किराना दुकान के लिए 5 लाख रुपए के ऋण का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के एलडीएम जयदीप भट्टाचार्य, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, जिला रोजगार अधिकारी कमलेश पटेल, प्राचार्य डॉ शीलचंद गुप्ता सहित युवा उपस्थित थे।

आश्रितों को प्रतिकर दिलाने की न्यायिक मजिस्ट्रेट ने की अनुशंसा

सीहोर। वर्ष 2019 में सीहोर के बजरंग कॉलोनी में पुताई कार्य के दौरान हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से अरुण चौहान और नरेश सेन उर्फ नानू की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दीपेन्द्र मालू के न्यायालय ने मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता और पुनर्वास के लिए प्रतिकर दिलाए जाने की अनुशंसा की है। न्यायालय ने मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, 2015 के तहत दोनों मृतकों के आश्रितों को प्रतिकर दिए जाने की अनुशंसा की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर द्वारा भी मृतकों के आश्रितों को प्रतिकर दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को आपदा क्षेत्र घोषित करने की मांग



सीहोर। अखिल भारतीय किसान सभा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को आपदा क्षेत्र घोषित करने की मांग की। कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह को दिया गया। कार्यकर्ताओं का नेतृत्व में महासचिव प्रहलाद दास बैरागी ने किया। आगामी 7 दिनों में तत्संबंधी प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर किसान और प्रभावित नागरिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। महासचिव प्रहलाद दास बैरागी ने बताया कि मध्य प्रदेश में विगत दिनों हुई भीषण वर्षा और बाढ़ के कारण सीहोर जिला बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। किसानों की हजारों एकड़ क्षेत्र की फसल बर्बाद हो गई है। बड़ी संख्या में कमजोर और वंचित तबके के लोगों को पुनर्वास, राहत और रोजगार की जरूरत है। संकट की स्थितियों में जिले को आपदा ग्रस्त जिला घोषित कर किसानों को फसलों के बरबाद होने की क्षति पूर्ति हेतु समुचित मुआवजा दिया जाए।

जिला स्तरीय मुख्य समारोह उत्सवी वातावरण में आयोजित किया जाएगा

15 अगस्त की तैयारी पूरी, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा हरदा में करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा





जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह गरिमामय और उत्सवी वातावरण में आयोजित किया जाएगा। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल परिसर में सुबह 9 बजे होने वाले समारोह में प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे और बधाई संदेश का वाचन करेंगे। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से होगी। इसके बाद परेड का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाएंगे। समारोह के दौरान वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों और उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के तहत गुरुवार को वीरांगना लक्ष्मीबाई मिडिल स्कूल ग्राउंड में फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई। इसमें अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार और एसपी शशांक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी भी रिहर्सल में शामिल हुए। इस दौरान ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, परेड और मार्च-पास्ट सहित समारोह की विभिन्न गतिविधियों का पूर्वाभ्यास किया गया। अधिकारियों ने समारोह स्थल पर मंच, परेड ग्राउंड, बैठक, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। जिला प्रशासन की ओर से समारोह को व्यवस्थित, गरिमामय और भव्य बनाने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं।

हर घर तिरंगाअभियान के तहत जिला प्रशासन ने तिरंगा यात्रा निकाली



हरदा। गुरुवार को ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान के तहत जिला प्रशासन ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का उद्देश्य लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और स्वतंत्रता दिवस के महत्व के प्रति जागरूक करना था। यात्रा में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की अपील की। तिरंगा यात्रा मिडिल स्कूल ग्राउंड से शुरू हुई। यह अंबेडकर चौक, नारायण टॉकीज चौक, घंटाघर चौक, संत रविदास चौक, बायपास रोड, हनुमान मंदिर, परशुराम चौक और सब्जी मंडी होते हुए वापस मिडिल स्कूल ग्राउंड पहुंची। एएसपी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। एसपी शशांक ने कहा कि तिरंगा यात्रा आपसी भाईचारे, एकता और सौहार्द का संदेश देती है। उन्होंने जिले के लोगों से स्वतंत्रता दिवस मिलजुलकर मनाने की अपील की। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना मजबूत करना और नई पीढ़ी को स्वतंत्रता दिवस व राष्ट्रीय प्रतीकों का महत्व समझाना है। उन्होंने लोगों से घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने और झंडा संहिता का पालन करने की अपील की। स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की है।

वीर दुर्गादास राठौर की जयंती मनाई

युवाओं ने वाहन रैली निकाली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

गुरुवार को राठौर समाज ने अपने आराध्य वीर दुर्गादास राठौर की 388वीं जयंती धूमधाम से मनाई। जयंती के अवसर पर समाज के युवाओं और सदस्यों ने शहर में भव्य वाहन रैली निकाली। रैली के बाद नया बस स्टैंड स्थित वीर दुर्गादास राठौर के स्मारक पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा और समाज के सदस्य मौजूद रहे। वाहन रैली के बाद समाजजन नया बस स्टैंड स्थित वीर दुर्गादास राठौर के स्मारक पहुंचे। यहां समाज के सदस्यों ने वीर दुर्गादास राठौर को श्रद्धांजलि देते हुए स्मारक पर माल्यार्पण किया। समाज के अध्यक्ष शिवनारायण राठौर ने वीर दुर्गादास राठौर के बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि दुर्गादास राठौर ने देश और समाज के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से देश और समाज के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। शिवनारायण राठौर ने सनातन संस्कृति और इतिहास के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि वीर दुर्गादास राठौर ने मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया और वे एक वफादार योद्धा के रूप में जाने जाते हैं। पूर्व अध्यक्ष अशोक राठौर और वरिष्ठ समाजसेवी नारायण राठौर ने भी वीर दुर्गादास राठौर की जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही।

उन्होंने बताया कि दुर्गादास राठौर शेर जैसे पराक्रमी होने के बावजूद साधु की तरह रहे और राष्ट्र रक्षा के अलावा उन्होंने कभी शासन का काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि दुर्गादास राठौर सहनशील और पराक्रमी योद्धा थे। यदि वे नहीं होते तो मारवाड़-जोधपुर की वर्तमान स्थिति शायद अलग होती। समाज ऐसे वीरों को श्रद्धा से याद करता है, जिन्होंने देश और धर्म के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। जयंती समारोह से एक दिन पहले बुधवार शाम को समाज की धर्मशाला में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा दिखाई।

दुष्कर्म का फरार आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार, 8 महीने तक ठिकाने बदलकर चकमा देता रहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सिविल लाइन थाना पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपी को दिल्ली के उत्तम नगर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले आठ माह से पुलिस को चकमा दे रहा था। बुधवार शाम उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

आरोपी पर हरदा की एक नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप था। पिछले साल दिसंबर में परिजनों ने युवती के लापता होने शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई थी। जांच के दौरान दिल्ली पुलिस ने लापता युवती को ढूंढकर उसके माता-पिता को सौंप दिया था। उसके बाद युवती ने अपने परिजनों को बताया कि हरियाणा निवासी आरोपी स्पर्श अरोरा ने उसे नौकरी का झांसा देकर साथ ले गया था। युवती ने बताया कि आरोपी के पिता प्रेम अरोरा और मां अंजली अरोरा ने उसे अपने घर में बंधक बनाकर रखा। वहां आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। दुष्कर्म भी किया। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। इस मामले में आरोपी के माता-पिता को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया, जिन्हें बाद में कोर्ट से जमानत मिल गई थी।

हालांकि, दुष्कर्म का मुख्य आरोपी स्पर्श अरोरा तब से फरार चल रहा था। वह पिछले 8 महीने से लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। उसकी तलाश के लिए पुलिस ने स्पेशल टीम का बनाई। फिर आरोपी को गिरफ्तार किया।

शिक्षक तिरंगा लेकर एसडीएम कार्यालय तक पहुंचे, ज्ञापन सौंपा

बारिश के बीच प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता व टेट परीक्षा आदेश निरस्त करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में जिले के शिक्षकों ने एसडीएम कार्यालय एकत्रित होकर हाथों में तिरंगा लेकर टेट परीक्षा का विरोध, नियुक्ति से वरिष्ठता का लाभ और ई अटेंडेंट जैसी व्यवस्था के खिलाफ नारे लगाए।जिले भर से बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भारी बारिश के बीच अपने हाथों में तिरंगे लेकर एसडीएम कार्यालय पंहुचे तथा एसडीएम सत्येंद्र बेरवा को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा ।

इस अवसर पर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रदेश संयोजक जगदीश यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन अतीक खान ने किया। इससे पहले शिक्षक अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रभुराम मालवीया ने कहा कि वर्ष 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट परीक्षा से मुक्त रखा जाए साथ ही जब तक नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता लाभ,पुरानी पेंशन योजना बहाल एवं ई अटेंडेंस जैसी व्यवस्था बंद नहीं की जाती हमारा आंदोलन चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा के प्रभुराम मालवीया, अमित शर्मा, अतीक खान, दिनेश पटेल, संतोष जायसवाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, चंद्र किरण गुप्ता, गोपीचंद सहिते,कृष्णराज राठौर, आशीष तिवारी, शैलेन्द्र वर्मा,विष्णु पाटीदार, घनश्याम मालवीया अनिल गुप्ता, विक्रम डावर, गोपीचंद सहिते, भगवान इंगले, सुनील पाटीदार, शैलेंद्र वर्मा, महेश पाटीदार, अमित बर्वे, अजय कानूनगो, आशीष तिवारी, मानक पाटिल, जगदीश पाटीदार, सत्येंद्र तोमर, गणेश मालवीय, भंवर मोरे, प्रताप मंडलोई, दीपक सोनी, आनंद मालवीया, दीपक पटेल, आशीष कुशवाह, रेखा चौहान, सुलोचना मंडलोई, उर्मिला सोलंकी, कमला निगम, हेमलता धनगर, पंडरी आलीवाल, हमीर सिंह चौहान, जीतेन्द्र सोहनी, हरिनारायण धनगर, श्यामलाल वास्कले, जयपाल निगोले, मंगल मंडलोई, सुनील सेंगर, श्याम तारे, देव हतागले, गजराज चौहान, मधु डावर, संजय बडोले, अबरार खान, नीलेश शर्मा, त्रिलोक यादव, राजेंद्र मंडलोई सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

ज्ञापन में प्रमुख मांगे

सेवारत शिक्षकों को अनिवार्यता से स्थाई छूट प्रदान की जाए तथा उनकी वर्षों की सेवा एवं पूर्व में प्राप्त नियुक्ति अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना की जाए। शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए उसका लाभ ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण एवं पेंशन सहित सभी संबंधित सेवा लाभों में दिया जाए। अव्यवहारिक ई अटेंडेंस व्यवस्था स्वैच्छिक की जाए। शिक्षकों पर लागू की गई वर्तमान ई अटेंडेंस व्यवस्था को स्वैच्छिक किया जाए। विद्यालयों की वास्तविक परिस्थितियों, नेटवर्क संबंधी समस्याओं एवं शिक्षकों की व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए इसे अनिवार्य न रखा जाए। पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए। ज्ञापन में बताया कि शिक्षक समाज प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला है। हमारी मांगें किसी विशेष लाभ की मांग नहीं, बल्कि न्यायसंगत सेवा अधिकार, सम्मानजनक कार्य-परिस्थितियों एवं व्यावहारिक व्यवस्था से संबंधित हैं।

कृषि विस्तार अधिकारियों की कलमबंद हड़ताल शुरू, ई-अटेंडेंस के विरोध में आंदोलन किया

सीहोर। मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर कृषि विस्तार अधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन के तहत अधिकारियों ने कलमबंद हड़ताल शुरू करते हुए ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता का विरोध किया है।

संघ ने मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। संघ की प्रमुख मांगों में कृषि विस्तार अधिकारियों के लिए ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता समाप्त कर पूर्व व्यवस्था के अनुसार उपस्थिति व्यवस्था लागू करना, कृषि विस्तार अधिकारी संवर्ग को वर्तमान 2400 के स्थान पर 2800 ग्रेड पे प्रदान करना तथा अतिरिक्त केंद्र भत्ते को ₹500 से बढ़ाकर ₹5,000 प्रतिमाह करना शामिल है। कृषि विस्तार अधिकारियों का कहना है कि उनका अधिकांश कार्य मैदानी एवं भ्रमण आधारित है। अधिकारियों को किसानों के खेतों, गांवों तथा विभिन्न शासकीय गतिविधियों में जाकर कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन, नवीन कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार और किसानों की समस्याओं के निराकरण का कार्य करना पड़ता है। ऐसे में ई-अटेंडेंस में व्यावहारिक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। संघ ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन के दौरान कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा सभी कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं और मैदानी कार्य की प्रकृति को देखते हुए ई-अटेंडेंस की व्यवस्था में आवश्यक बदलाव किया जाना जरूरी है। कृषि विस्तार अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष लाड़सिंह बकोदिया ने शासन से मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक एवं सकारात्मक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर आदेश जारी करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि जब तक मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक संघ का आंदोलन जारी रहेगा।



हर घर तिरंगा अभियान के तहत खरगोन पुलिस ने आयोजित की तिरंगा रैली

तिरंगे के प्रति जन जागरूकता लाने के लिए सड़कों पर तिरंगा लेकर निकले पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

भारत सरकार के द्वारा 9 से 17 अगस्त तक पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान के क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए गए हैं । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता उत्पन्न कर देशभक्ति की भावना को जाग्रत करना तथा नागरिकों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है ।

इसी क्रम में खरगोन पुलिस के द्वारा पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य बाइक तिरंगा रैली निकली गई जिसे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



खरगोन (शहर) के द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया । बाइक तिरंगा रैली में हाथ में तिरंगा थामे पुलिसकर्मियों ने शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए देशभक्ति का संदेश दिया । तिरंगा बाइक रैली थाना कोतवाली खरगोन परिसर से निकल कर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और नागरिकों में देश के गौरव के प्रति उत्साह का संचार किया गया । साथ ही लोगों से आह्वान किया कि हमारे इस राष्ट्रीय पर्व पर इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और अपने राष्ट्र का गौरव तिरंगा घर पर जरूर फहराएं ।

जनप्रतिनिधिगण इसे पर्यटन-क्षेत्र के रूप में विकसित करने की मांग कर रहे

अपरवेदा-जलाशय लबालब, अथाह-जल व प्राकृतिक सौंदर्य का मनमोहक-नजारा दे रहा सुकून

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

पिछले तीन-चार दिनों की झमाझम-बारिश थमने और गुरुवार को धूप खिलने के बाद अपरवेदा जलाशय-स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं।वहां जलाशय की अथाह-जलराशि एवं अठखेलियां करती हुई लहरें रोमांचित करती है। परियोजना-स्थल का प्राकृतिक सौन्दर्य और मनमोहक नजारा उनके मन-मष्तिक को सुकून दे रहा है। वहां के जनप्रतिनिधिगण इसे पर्यटन-क्षेत्र के रूप में विकसित करने की मांग कर रहें हैं। पिछले तीन-चार दिनों में क्रमबद्ध तीन गेट को खोलकर जलस्तर को नियंत्रित किया गया। नर्मदा घाटी विकास विभाग संभाग 19 के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि 13 अगस्त तक जलस्तर 315.45 मीटर(वर्षा 479.00 मिमी) हुई है,पिछले तीन-चार वर्षों में सर्वाधिक है। परियोजना प्रभारी शुभम दुबे ने बताया कि वर्ष 2025 में जलस्तर 307.60 मीटर (बारिश 143.00 मिमी),वर्ष 2024 में जलस्तर 315.90 मीटर बारिश 325.40 मिमी) और वर्ष 2023 में जलस्तर 315.65 मीटर (बारिश 233.00 मिमी) रहा था।



रोहिणी गलने के बाद भी झमाझम

इस वर्ष रोहिणी नक्षत्र (25 मई से 8 जून तक) भीषण गर्मी में रोहिणी-गलने के बाद मौसम-वैज्ञानिकों, ज्योतिषाचार्यों की भविष्यवाणी और लोक मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष कम बारिश की संभावनाएं थी। इसके विपरीत क्षेत्र में अब तक 444 मिमी बारिश दर्ज की गई है,जो पिछले 4 साल में सर्वाधिक है। जिससे जलाशय अधिकतम जलस्तर 317 मीटर के करीब पहुंच गया और तीन गेट खोलने पड़े हैं।

पर्यटन-क्षेत्र के रूप में विकसित करें

दैवित बुजुर्ग की जनपद सदस्य सीमा-दीपक दांगोड़े, सरपंच राधेश्याम दांगोड़े और ग्रामीणों में हवासीलाल दांगोडे, दिनेश जायसवाल, नरेंद्रसिंह सोलंकी एवं अपरवेदा आदिवासी कहार मत्स्योद्योग सहकारी संस्था-अध्यक्ष रायसिंह गरासिया ने परियोजना-स्थल को पर्यटन-स्थल घोषत कर बोट का संचालन किया जाना चाहिए।जिससे ट्यूब पर बैठकर मत्स्य-आखेट करने वाले मछुआरों को भी राहत मिलेगी। जबकि जलग्रहण क्षेत्र की पहाड़ियों में कई प्रजातियों के वन्य-प्राणियों का नैसर्गिक-आवास है और इससे पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है।

इनका कहना है...

इस वर्ष मानसून की मेहरबानी से सुखद वर्षा हुई है और रबी सीजन में निर्धारित सिंचाई लक्ष्य प्राप्त के सकेंगे। इसे पर्यटन के रूप में विकसित करने का कार्य पर्यटन विभाग का है।

डीआर आकरे, मुख्य अभियंता, इंदिरा सागर परियोजना, सनावद

फैक्ट फाइल

- **परियोजना का नाम-** अपर वेदा
- **परियोजना लागत** -241.41 करोड़ रुपए
- **पूर्ण जलाशय स्तर-** 317 मीटर बांध की लंबाई 191 मीटर
- **कुल गेट:** 7 रेडियल गेट
- **बायीं तट नहर:** 30.427 किमी सिंचाई 9917 हेक्टेयर.
- **दायीं तट पाइप नहर:** 7.33 किमी- सिंचाई 1829 हेक्टेयर
- **डूब प्रभावित:** 14 गांव
- **कुल 39 गांव- लाभान्वित**
- **लाभान्वित तहसील:** झिरन्या,भीकनगांव, भगवानपुरा, गोगावा